प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर फहराया धर्म ध्वज : कहा– भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है यह ध्वज।
2. समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हुए शामिल : मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण को बताया नए युग का शुभारंभ।
3. प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआऱ जारी : पीलीभीत में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा– अभियान से मिलेगी लोकतंत्र को मजबूती।

और

4. लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बडमिंटन चंपियनशिप आज से प्रारंभ : तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की जोड़ी ने जीत से की शुरुआत।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण क पूर्ण होने और सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस अवसर पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है।

*आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष है, असीम कृतज्ञता है, आपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। आज उस यज्ञ की पूर्ण आहुति है जिसकी अग्नि पांच सौ वर्ष तक प्रज्जवलित रही।*

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति, विशेष कर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

*भारत लोकतंत्र की जननी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। साथियों अगर आप तमिलनाडु जाएंगे तो तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में उतिरमेरूर गांव है वहां हजारों वर्ष पहले का एक शिलालेख है। उसमें बताया गया है कि उस कालखंड में भी कैसे लोकतांत्रिक तरीके से शासन व्यवस्था चलती थी। लोग कैसे सरकार चुनते थे। लेकिन हमारे यहां तो मैग्ना कार्टा की प्रशंसा का ही चलन रहा।*

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज सुबह अयोध्या में एक रोड शो किया। प्रधानमंत्री ने सप्त मंदिर का दौरा किया और शेषावतार मंदिर में दर्शन किए। शेषावतार मंदिर देश में भगवान राम के दुर्लभ मंदिरों में से एक है। प्रधानमंत्री ने माता अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शन किए और रामलला के गर्भगृह में दर्शन और पूजा–अर्चना की। एक रिपोर्ट.....

*जय श्री राम के जयघोष, शंख ध्वनि की गूंज और विश्व के विभिन्न कोनों से अयोध्या पहुंचे हजारों रामभक्तों की उपस्थिति के बीच, शुभ विवाह पंचमी के दिन और अभिजीत मुहूर्त में धर्म ध्वजा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ये प्रक्रिया 11 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई, प्रधानमंत्री ने बटन दबाया और 11 बजकर 50 मिनट पर ध्वज पताका स्थापित हो गई, पूरी प्रक्रिया में 4 मिनट से अधिक का समय लगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्प वर्षा कर ध्वज को प्रणाम किया। दस फीट ऊँचे और बीस फीटलंबे समकोण त्रिभुजाकार धर्म ध्वज पर भगवान श्री राम के तेज और पराक्रम का प्रतीकसूर्य अंकित है। इस दीप्तिमान सूर्य की छवि के साथ ही कोविदारा वृक्ष की छवि भीअंकित की गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

ध्वजारोहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है।

श्री योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य—न्याय व राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। बाइट......

*श्री राम मंदिर पर पहराता यह केसरी आध्वज धर्म का प्रतीक है, मर्यादा का प्रतीक है, सत्य न्याय और राष्ट्र धर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक भी है क्योंकि संकल्प का कोई विकल्प नहीं और पिछले 11 वर्ष में बदलते हुए भारत को हम सब ने अपनी आंखों से देखा है। एक नया भारत का दर्शन हम कर रहे हैं जहां पर विरासत और विकास का एक बेहतर समन्वय इसे एक नई ऊंचाई की ओर प्रदान कर रहा है।*

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। इस अवसर पर साधु संतों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। हनुमानगढ़ी के संत राजूदास ने कहा कि आज वर्षो की तपस्या पूरी हुई। बाइट.....

*हजारों वर्ष की तपस्या, 500 वर्ष की संघर्ष और कई–कई लाख राम भक्तों के प्राणों की आहुति आज रंग लाया और आज राम मंदिर पर केसरिया ध्वज पहराया। इसके नाते मोदी जी को आभार, योगी जी को धन्यवाद।*

—————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से कहा है कि एसआईआर के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जा रहा है। ऐसे मामलों में उन्होंने सभी मतदाताओं को पूरी तरह से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की। वहीं कंद्रीय वाणिज्य और उद्योग व सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज पीलीभीत के पूरनपुर स्थित एक इंटर कॉलेज में एसआईआऱ कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि

लोकतंत्र को मज़बूत करने की यह सामूहिक भावना ही हमारी शक्ति है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सिखधर्म क नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित विशेष गुरुमति समागम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर जी की स्मृतियों और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महापुरुषों के सम्मान के लिए संकल्पित है। बाइट.....

*यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश में इन स्मृतियों को और मजबूती प्रदान करने में उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार योगदान*

*देने की दिशा में कृत संकल्पित है। आज के इस अवसर पर मैं आप सबका यही आह्वान करूंगा।*

*हम अपनी गुरु परंपरा, अपने इन महापुरुषों और उन सभी योद्धाओं के प्रति जिन्होंने देश और धर्म के लिए अपना योगदान दिया है, उनके प्रति हमारी आस्था इसी प्रकार से ठीक होनी चाहिए जैसे हमारा यह केशरिया पताका हमेशा अपने अडिक रूप से सदैव हम सबको एक नई प्रेरणा प्रदान करता है।*

——————————

केंद्रीय कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज लखनऊ में आयोजित 19वें राष्ट्रीय जंबूरी में मेजर ध्यानचंद एडवेंचर विलेज का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग सिर्फ खेल–कूद नहीं, यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है।

——————————

भारतीय स्टेट बैंक ने कहा है कि नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से अर्थव्यवस्था का उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा और देश में बेरोजगारी दर में कमी आएगी। केंद्र सरकार ने 21 नवंबर को चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की। श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद से समाज के विभिन्न वर्गों के लोग इसका स्वागत कर रहे हैं। कानपुर देहात के अनूप सचान ने कहा कि यह कदम बेहतर वेतन, और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बाइट.....

*वर्तमान में जो यह चार कानूनों में जो लेबर कोड जो आए हैं, इसकी बहुत जरूरत थी। मैं बहुत–बहुत धन्यवाद दूंगा भारत सरकार को और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को। इन नए कानूनों से लोगों को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में और सबसे बड़ी बात है कि महिलाओं को भी इसमें कार्य करने का समान अवसर मिला है।*

————————

**गोवा के पणजी में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी के 56वें संस्करण में आज कई विशेष गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। आज भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। एक रिपोर्ट.....**

*राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम तथा राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार ने 18 पुरानी क्लासिक फिल्मों को नया स्वरूप दिया है। इन पुनर्निर्मित उत्कृष्ट कृतियों को 'इंडियन पैनोरमा' के विशेष पैकेज के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। पणजी स्थित कला अकादमी में आज भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार राहुल रवैल ने धर्मेंद्र के जीवन, उनकी सिनेमाई यात्रा और उनके अविस्मरणीय योगदान पर अपने विचार साझा किए। आदर्श और सायरा के साथ निखिल कुमार, आकाशवाणी समाचार, पणजी, गोवा।*

————————

**लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप के मुकाबले आज से**

शुरू हो गए हैं। पहले दिन आज क्वालीफाइंग राउंड और मुख्य ड्रॉ डबल्स मुकाबले खेले गए।

आज तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय जोड़ी ने जीत दर्ज को।

(समाप्त)